उत्तर प्रदेश कोरियाई निवेशकों के लिए तत्पर : हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप एवं देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने की इन्वेस्ट यूपी से मुलाकात

उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसर तलाश रही है कोरिया की हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप तथा देवू कंपनी

भारत में नए बिजनेस वेंचर्स तलाशने कोरियाई इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन (KITA) बनाएगा कोरिया-इंडिया इकोनॉमिक फोरम

अवसरों की तलाश : हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप तथा देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने की इन्वेस्ट यूपी के उच्चाधिकारियों संग बैठक

लखनऊ में आयोजित बैठक ने खोले उत्तर प्रदेश में कोरियाई निवेश की संभावना के द्वार

लखनऊ, 6 अप्रैल 2024: दक्षिण कोरिया के हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप तथा देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त एवं इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शनिवार को पिकप भवन, लखनऊ स्थित इन्वेस्ट यूपी के कार्यालय में उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक का उद्देश्य द्विपक्षीय सम्बंधों को सुदृढ़ करना तथा उत्तर प्रदेश में निवेश के गंतव्य तलाशना रहा।

हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप के रणनीति एवं बिजनेस विभाग के निदेशक श्री हॉन्ग किल-यॉन्ग, देवू ग्लोबल बिजनेस ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्री यंग-मिन रियु और द कोरिया हेरॉल्ड के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. संजय कुमार कोरियाई प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। बैठक का एजेण्डा कोरियाई उद्यमों के लिए उत्तर प्रदेश में मौजूद व्यावसायिक अवसरों पर गहन चर्चा करना था। इस अवसर पर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री मनोज कुमार सिंह जी ने हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप के आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश की विदेशी निवेशकों हेतु अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश की सुदृढ़ अवस्थापना, कुशल कार्यबल तथा निवेशक फ्रेंडली नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कोरियाई कंपनियों को विभिन्न सेक्टरों में निवेश व साझेदारी हेतु आमंत्रित किया।

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अभिषेक प्रकाश जी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश हेतु आवश्यक व्यापारिक सहयोग को सुगम बनाने हेतु तत्पर है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश अपनी रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, अनुकूल व्यापारिक पारिस्थितिकी तंत्र तथा सक्रिय प्रशासन के कारण बिजनेस के पसंदीदा गंतव्य के रूप में

विकसित हो रहा है। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश में प्रौद्योगिकी, मीडिया, रियल एस्टेट, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा तथा संधारणीय विकास परियोजनाओं सहित अन्य संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की।

कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में बिजनेस वेंचर्स के नवीन अवसरों को तलाशने के उद्देश्य से भारत और कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन (KITA) के मध्य भारत-कोरिया इकॉनोमिक फोरम की स्थापना करने की इच्छा व्यक्त की। बता दें कि कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन के पास 400 कोरियाई कंपनियों का नेटवर्क उपलब्ध है।

कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के व्यापक बाजार की संभावना तथा कुशल कार्यशक्ति पर विश्वास व्यक्त करते हुए यहां स्थित अपने बिजनेस का विस्तार करने तथा प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान करने की बात कही। बैठक के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने आभार व्यक्त करते हुए भारत तथा दक्षिण कोरिया के मध्य परस्पर संबंध सुदृढ़ करने हेतु उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।